देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 84 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...कोल सेक्टर में भयानक ठहराव



देहरादून, शनिवार, 27 जून 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 24.0°

35171.27

2 हमें जेल में डालने की तैयारीः प्रचंड

7 मैच टाई होने पर ट्रोफी साझा करें

## संक्षिप्त समाचार

### 15 जुलाई तक इंटरनैशनल हवाई सेवा पर जारी रहेगी रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेलवे के बाद इंटरनैशनल फ्लाइट को लेकर भी सरकार का फैसला सामने आ गया है। सरकार के फैसले के मुताबिक, 15 जुलाई तक भारत से और भारत के लिए इंटरनैशनल कमर्शल फ्लाइट सेवा पर रोक लगी रहेगी। हालांकि इस दौरान डमेस्टिक एयर सर्विस जारी रहेगी। यह आदेश केवल कार्गो विमान और DGCA से अप्रूव्ड स्पेशल विमान पर लागू नहीं होंगे।रेलवे ने 25 जून को कहा था कि 12 अगस्त तक ट्रेनों का नियमित संचालन नहीं होगा।

### सीआरपीएफ के काफिले पर हमला, 1 जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। पुलवामा जिले के अवंतीपोरा के त्राल क्षेत्र के चेवा उल्लार में सुरक्षाबल ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। तीनों आतंकवादियों के शवों और उसके हथियारों को अपने कब्जे में लेने के बाद सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन समाप्त कर इलाके को खाली कर दिया। इसी बीच जिला अनंतनाग के बिजबेहाड़ा के जीरपोरा हाईवे पर सुरक्षाबलों के गश्ती दल पर कुछ आतंकवादियों ने हमला बोल दिया। इस हमले में अभी तक एक सीआरपीएफ जवान के घायल जबकि एक के शहीद होने की सूचना है।

### रोहतक में फिर लगा भूकंप का हल्का झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
रोहतक। हरियाणा के रोहतक में शुक्रवार दोपहर भूकंप का हल्का झटका लगा है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.8 दर्ज की गई है। नैशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का झटका दोपहर 3:32 पर लगा है। इससे पहले बुधवार को भी रोहतक में भूकंप का हल्का झटका लगा था। रोहतक में बीते एक महीने में भूकंप के 9 झटके लग चुके हैं। शुक्रवार को आए भूकंप में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# चीन को भारत ने फिर दिखाई ताकत

### भारतीय थल सेना और वायु सेना ने साथ में जमकर किया युद्धाभ्यास

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले आर्मी चीफ नरवान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लेह। गलवान घाटी में तनाव के बीच भारतीय थल सेना और वायु सेना ने साथ में युद्धाभ्यास किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। युद्धाभ्यास में सुखोई और चिनूक हेलिकॉप्टर भी शामिल किए गए। बताया जा रहा है कि इस युद्धाभ्यास का मकसद दोनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। यह युद्धाभ्यास चीन से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी के रूप में किया जा रहा है।

टीवी रिपोर्ट के मुताबिक, यह संयुक्त युद्धाभ्यास लद्दाख सीमा पर 11000-16000 फीट की ऊचांई पर किया जा रहा है। इसमें चिनूक हेलिकॉप्टर, मी-17 हेलिकॉप्टर भी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान सुखोई विमान ने आसमान में सुरक्षा घेरा भी बनाया जिसके बाद सेना के मालवाहक विमान रसद, तोपें और सिपाहियों को एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने का कोआर्डिनेशन ऑपरेशन चल रहे हैं।

**चीन को दिखाई ताकत**
गलवान घाटी पर चीन से गतिरोध I को देखते हुए लाइन ऑफ ऐक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर इन दिनों दोनों ओर से युद्धाभ्यास जारी है। भारत भी अपनी तैयारी कम नहीं रखना चाहता है।

**चीन के युद्धाभ्यास का वीडियो आया सामनेः** पिछले दिनों चीनी सेना के युद्धाभ्यास का भी वीडियो सामने आया था। चीन इन दिनों सीमा के नजदीक जमकर युद्धाभ्यास कर रहा है। वहीं, चीन की सरकारी मीडिया इन युद्धाभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर कर प्रोपगेंडा वॉर को बढ़ावा दे रही हैं। इन युद्धाभ्यासों के दौरान भी चीन फर्जीवाड़ा करने से बाज नहीं आ रहा है।

कुछ दिनों पहले चीनी मीडिया ने हॉलीवुड फिल्म टॉपगन के एक सीक्वेंस को अपनी एयरफोर्स के बढ़ती ताकत के रूप में दिखाया था।



### लद्दाख के हालात से कराया अवगत

नई दिल्ली। दो दिवसीय लद्दाख दौरे से लौटने के बाद आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवाने ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें लद्दाख सेक्टर के हालात से अवगत कराया। आर्मी चीफ पूर्वी लद्दाख में दो दिनों के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास इलाकों का भी निरीक्षण किया था।

### प्रधानमंत्री से हो सकती है चर्चा

रक्षामंत्री विक्ट्री परेड में हिस्सा लेकर रूस से लौटे हैं अब उन्हें वहां की जानकारी से अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना है। संभव है कि प्रधानमंत्री को वे लद्दाख संबंधित मुद्दों से भी अवगत कराएंगे। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित विक्ट्री परेड में हिस्सा लेने के बाद वापस लौटे हैं और आर्मी चीफ नरवाने भी लद्दाख के दो दिवसीय दौरे के बाद वापस गुरुवार को ही लौटे।
रूस रवाना होने से पहले भारत-चीन तनाव को लेकर रक्षामंत्री लगातार सैन्य नेतृत्व के संपर्क में थे और 15 जून को हुए हिंसक झड़प में 20 भारतीय जवानों के शहीद होने के बाद सेना की सतर्कता व सीमा के हालातों को काफी करीब से मॉनिटर कर रहे थे।

आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम की शुरुआत, पीएम ने की योगी सरकार की तारीफ, कहा

# 4 सुपर पावर देशों पर भारी पड़ा योगी का यूपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान योगी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने काह कि अगर आंकड़ों की तुलना करें तो पता चलता है कि यूपी ने कितनी बड़ी सिद्धी प्राप्त की है। यूरोप के चार बड़े देशों इंग्लैंड, इटली, फ्रांस और स्पेन को ही ले लें तो ये देश 200- 250 साल तक सुपर पावर थे। आज भी इनका दबदबा है। चारों देशों की कुल जनसंख्या जोड़ दें तो वे 24 करोड़ होगी और यूपी की जनसंख्या भी इतनी ही है। वहां कोरोना वायरस से 1 लाख 30 हजार मौत हुई, जबकि यूपी में मात्र 600 लोगों की मौत हुई।

अमेरिका का उदाहरण देते हुए मोदी बोले हैं आज अमेरिका बुरी तरह प्रभावित है। वहां की आबादी 33 करोड़ है। वहां कोरोना से 1 लाख 35 हजार लोगों की मौत हुई। यूपी की 24 करोड़ जनसंख्या है। अगर योगी जी और उनकी टीम के लोगों ने सावधानी नहीं बरती होती तो आज यूपी में 600 नहीं बल्कि 85 हजार लोगों की कोरोना से मौत हो सकती थी।

**इसकी सिर्फ एक ही दवाः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब तक कोरोना वायरस के लिए एक वैक्सीन विकसित नहीं हो जाता, तब तक सभी को श्दो गज की दूरीश और चेहरे पर मास्क पहनना जारी रखना होगा। उन्होंने कहा कि आगे अभी किसी को नहीं पता है कि इस महामारी से कब मुक्ति मिलेगी। जब तक कोरोना की वैक्सीन नहीं बनती, हम इसी दवा से इसे रोक पाएंगे।

### सूझबूझ दिखाने वाले को मिलती है सफलता



पीएम ने कहा, मैं डबल इंजन की बात करता हूं। डबल इंजन आत्मनिर्भर भारत अभियान इसकी बहुत बड़ा उदाहरण है। जिस तरह आपदा को अवसर में बदला गया है, अन्य राज्यों को भी यूपी से सीखना चाहिए। संकट के समय जो साहस और सूझबूझ दिखाता है सफलता उसी को मिलती है।

### सीबीएसई ने रद्द की 10वीं-12वीं की बचीं परीक्षाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस साल के लिए 1 जुलाई से शुरू होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बची हुई परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान बोर्ड ने अपने इस निर्णय की जानकारी दी है। साथ ही ये भी बताया है कि अब किस आधार पर स्टूडेंट्स को अंक दिए जाएंगे और रिजल्ट तैयार किए जाएंगे।
सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई। सीबीएसई और केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से सॉलिसिटर जेनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। वहीं, दिल्ली, ओडिशा और महाराष्ट्र सरकार की ओर से परीक्षा न कराए जाने की याचिका पर वकील ऋषि मल्होत्रा ने दलीलें पेश कीं।

# प्रधानमंत्रीजी आपको सच बोलना होगा: राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी ने एक बार फिर पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए प्रधानमंत्री को एक ओर तो आश्वासन दिया कि संकट की इस घड़ी में सारा देश उनके साथ है, दूसरी ओर उनसे मामले पर सच बोलने की गुजारिश की।

राहुल गांधी ने वीडियो में अपनी बात की शुरुआत सीमा पर शहीद हुए वीर सैनिकों को नमन करते हुए की। इसके बाद उन्होंने कहा कि सारा देश एकजुट होकर देश के सैनिकों और सरकार के साथ है। कांग्रेस नेता ने कहा, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्रीजी ने कहा

■सच नहीं बोलेंगे तो चीन को फायदा होगा

था कि हिंदुस्तान की एक इंच जमीन किसी ने नहीं ली। कोई हिंदुस्तान के अंदर नहीं आया। मगर सुनने को मिल रहा है, लोग कह रहे हैं, सैटेलाइट फोटोग्राफ्स में दिखाई दे रहा है, लद्दाख की जनता कह रही है, आर्मी के रिटायर्ड जनरल्स कह रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन छीनी है। एक जगह नहीं बल्कि तीन जगह चीन ने हमारी जमीन छीनी है।

राहुल ने आगे कहा, प्रधानमंत्रीजी आपको सच बोलना ही पड़ेगा। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। अगर आप कहेंगे कि जमीन नहीं गई और सचमुच में जमीन गई है तो चीन को फायदा होगा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# खौफ? पीओके में हॉस्पिटल 50 प्रतिशत रिजर्व

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ भारत के बढ़ते सैन्य तनाव के बीच पाकिस्तानी सेना ने भी गुलाम कश्मीर में भारत के खिलाफ अपनी ऑपरेशनल तैयारियों को तेज कर दिया है। गुलाम कश्मीर में सभी अस्पतालों में 50 प्रतिशत बिस्तरों को पाकिस्तानी सेना के लिए आरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। पाकिस्तानी वायुसेना के तीन एयरबेस को भी अलर्ट पर रखा है। यही नहीं चीन की वायुसेना के अधिकारियों के एक दस्ते ने भी

भारत और चीन के बीच बढ़े तनाव से घबराया पाकिस्तान

कथित तौर पर इनकी एयरबेस का जायजा लिया है।

संबंधित सूत्रों ने बताया कि चीन ने पूर्वी लद्दाख और पूर्वोत्तर भारत में एलएसी का उल्लंघन पाकिस्तान के साथ पूरी रणनीति तय करने के बाद ही किया है। गलवान घाटी में 15 जून को भारतीय सैनिकों ने जिस तरह चीनी हमले का न सिर्फ डटकर सामना किया, बल्कि उन्हें करारा जवाब भी दिया, उससे पाकिस्तान घबराया हुआ है।